जमशेदपुर, शुक्रवार, 2 अक्तूबर, 2015
www.prabhatkhabar.com 02

टीएसपीडीएल के कर्मचारी सर्वश्रेष्ठ : अब्राहम स्टीफेंस

- टीएसपीडीएल में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित
- कर्मचारियों को मिला लांग सर्विस अवार्ड

संवाददाता, जमशेदपुर

टीएसपीडीएल (टाटा स्टील प्रोसेसिंग एंड डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड) की ओर से गुरुवार को सिदगोड़ा स्थित टाउन हॉल में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. इसमें मुख्य अतिथि कंपनी के प्रबंध निदेशक अब्राहम स्टीफेंस और सम्मानित अतिथि यूनियन अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय थे. मौके पर अब्राहम स्टीफेंस ने कहा कि किसी भी कंपनी की सफलता में मशीन और कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है. उन्होंने कहा कि टीएसपीडीएल के कर्मचारी सर्वश्रेष्ठ हैं. उनका कंपनी के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है. कंपनी के स्थायी व ठेका कर्मचारियों के सोशल सिक्यूरिटी पर विशेष काम किया जा रहा है. कंपनी के विस्तारीकरण के साथ स्थायीकरण का भी प्रयास होगा.

टीएसपीडीएल यूनियन के अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय ने कहा कि टीएसपीडीएल के एक प्लांट से पूरे देश में 8 प्लांट हो गया है. इसमें कर्मचारी व टीम वर्क का बहुत बड़ा योगदान है.

वरीय महाप्रबंधक (एचआरआईआर) पीके साहू ने कहा कि टीएसपीडीएल में प्रबंधन निदेशक समेत सभी पदाधिकारी कर्मचारियों के संपर्क में रहते हैं. साल भर में एक बार कर्मचारी सहभागिता माह मनाया जाता है, जिसमें कर्मचारियों व उनके बच्चों की प्रतिभा को सामने लाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम किये जाते हैं.

वरीय महाप्रबंधक (उत्पादन) डी समादार ने जमशेदपुर प्लांट के उत्पादन व भविष्य की योजनाओं के संबंध में जानकारी दी. कार्यक्रम का संचालन डीएम (एचआर) शेखर झा व धन्यवाद ज्ञापन चीफ अशोक बलियान ने किया.

इस अवसर पर दीर्घकालीन सेवा (लांग सर्विस) वाले कर्मचारियों व विभिन्न प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को सम्मानित किया गया. कंपनी के प्रबंध निदेशक अब्राहम स्टीफेंस, यूनियन अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय, पीके साहू, डी समादार व टाटा स्टील के अविनाश मेहता ने कर्मचारियों के लिए प्रारंभ बस सेवा का निरीक्षण किया.

कार्यक्रम में यूनियन के महामंत्री त्रिदेव सिंह, उपाध्यक्ष अमन, दिनेश, सहायक सचिव दिनेश कुमार, एसबी राणा, कोषाध्यक्ष रवि कुमार, संजीव कुमार, मनोज कुमार, बीडी सिंह, सीबी सिंह, शशि मिश्रा, अनीश झा समेत अन्य उपस्थित थे.